PARIVESH
परिवेश

"Pro Active and Responsive facilitation by Interactive, Virtuous and Environmental Singlewindow Hub"

Ministry of Environment, Forest and Climate Change
Government of India

My Account ▾ My Proposals Environment Clearance ▾ Only CRZ Clearance ▾ My Proposals Forest Clearance ▾ My Proposals Wildlife Clearance ▾ Help ▾

12:29:15 PM

| Sno. | Proposal Detail | Application_No | Application No (New) | Date of IN-PRINCIPLE | Amount to be Paid/Amount Paid (in Rs.) | Payment Status | Payment Detail | Demand Letter |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | FP/UK/ROAD/1252/2011<br><br>CHAILUSAIN SILOGI GHATTUGAD MOTOR ROAD | ROAD12522011059 | 11312522011059 | 26 Jul 2011 | **CA:** 3548794/- , **Addl CA :** 0/-<br>**PCA:** 0/- , **CAT :** 0/-<br>**Safety Zone:** 0/- , **Addl PA :** 0/-<br>**NPV:** 0/- , **Other Charges :** 0/-<br>**Other Charges1 :** 0/-<br>**Other Charges2 :** 0/-<br>**Other Charges3 :** 0/-<br>**Total :** 3548794/- | Paid | **Fund Demand Verified by Nodal Officer On** :18 Sep 2017<br>**Bank Name** :Corporation Bank<br>**Mode of Payment** :Corporation Bank (Challan)<br>**Challan Generated On** :18 Sep 2017<br>**Transaction Date** :25 Sep 2017 | Demand Letter<br><br>Generated Challan |
| 17 | FP/UK/ROAD/9407/2015<br><br>Extension of Mandoli-parinda-bountha motor road upto deriyakhal | ROAD94072015388 | 11394072015388 | 09 Dec 2016 | **CA:** 911995/- , **Addl CA :** 0/-<br>**PCA:** 0/- , **CAT :** 0/-<br>**Safety Zone:** 0/- , **Addl PA :** 0/-<br>**NPV:** 1521000/- , **Other Charges :** 0/-<br>**Other Charges1 :** 0/-<br>**Other Charges2 :** 0/-<br>**Other Charges3 :** 0/-<br>**Total :** 2432995/- | Paid | **Fund Demand Verified by Nodal Officer On** :13 Sep 2017<br>**Bank Name** :Corporation Bank<br>**Mode of Payment** :Corporation Bank (Challan)<br>**Challan Generated On** :13 Sep 2017<br>**Transaction Date** :25 Sep 2017 | Demand Letter<br><br>Generated Challan |
| 18 | FP/UK/ROAD/10084/2015<br><br>Construction of Palkot-Barshawar Motor Road | ROAD100842015750 | 6110084750 | 07 Nov 2015 | **CA:** 555489/- , **Addl CA :** 0/-<br>**PCA:** 0/- , **CAT :** 0/-<br>**Safety Zone:** 0/- , **Addl PA :** 0/-<br>**NPV:** 1019070/- , **Road side plantation :** 921208/-<br>**no :** 0/-<br>**no :** 0/-<br>**no :** 0/-<br>**Total :** 2495767/- | Paid | **Fund Demand Verified by Nodal Officer On** :25 Sep 2025<br>**Bank Name** :Union Bank Of India<br>**Mode of Payment** :NEFT/RTGS (Challan)<br>**Challan Generated On** :26 Sep 2025<br>**Transaction Date** :10 May 2016 | Demand Letter<br><br>Generated Challan |
| 19 | FP/UK/ROAD/29977/2009<br><br>C/O Takolikhal-chanikhal Motor Road | ROAD299772009422 | 6129977422 | 16 Oct 2015 | **CA:** 2072723/- , **Addl CA :** 0/-<br>**PCA:** 0/- , **CAT :** 0/-<br>**Safety Zone:** 0/- , **Addl PA :** 0/-<br>**NPV:** 4182750/- , **Other Charges :** 0/-<br>**Other Charges1 :** 0/-<br>**Other Charges2 :** 0/-<br>**Other Charges3 :** 0/-<br>**Total :** 6255473/- | Paid | **Fund Demand Verified by Nodal Officer On** :02 Nov 2018<br>**Bank Name** :Corporation Bank<br>**Mode of Payment** :Corporation Bank (Challan)<br>**Challan Generated On** :<br>**Transaction Date** :02 Mar 2016 | Demand Letter<br><br>Generated Challan |

**12**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0,लैन्सडौन(गढ़वाल)।

UTTARAKHAND

E Mail ID:- eepwdlansdowne@gmail.com. & eepwdlansdowne@rediffmail.com. Phone/Fax : (01386)262260

पत्रांक 650 / 21सी दि0 13-04-2026

सेवा में,

**अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,**
**वन संरक्षए, इन्दिरानगर फरेस्ट कालोनी,**
**उत्तराखण्ड देहरादून।**

**विषय :–** **जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.206 हे0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन किये जाने के सम्बन्ध में (Online No. FP/U.K/ROAD/ 10084/2015) दिनांक 03.12.2015**

**संदर्भ :–** **इस कार्यालय का पत्रांक 1397 / 21सी0 दिनांक 15–9–2016**

महोदय,

उपरोक्त विषयक संदभित पत्र के क्रम में अवगत कराना है कि, उपरोक्त मोटर मार्ग निर्माण हेतु आपेक्षित वन भूमि की विधिवत स्वीकृति प्राप्त किये जानें हेतु उपरोक्त संदर्भित पत्रांक के द्वारा लगाई गई 9(नौ) शर्तों की अनुपालन आख्या संदर्भित पत्र के द्वारा पूर्व ही प्रभागीय वनाधिकारी लैन्सडौंन वन प्रभाग कोटद्वार को प्रेषित था, किन्तु भुगतान की गई एन0पी0वी0 एवं क्षतिपूरक वृक्षारोपण की धनराशि बार–बार प्रयास किये जानें पर परिवेश पोर्टल में दर्शित न हो पानें के कारण विधिवत स्वीकृति आतिथि तक नहीं मिल पाई है। पूर्व में कैम्पा मद में भुगतान की गई क्षति0 वृक्षा0 की धनराशि रू0 5,55,489–00 एन0पी0वी0 की धनराशि रू0 10,19,070–00 एवं पथ वृक्षारोपण की धनराशि रू0 9,21,208–00 इस प्रकार कुल धनराशि रू0 24,95,767–00 वर्तमान में परिवेश पोर्टल में भुगतान दर्शित हो रहा है। (प्रिट आउट संलग्न है)

अतः अनुरोध है कि विधिवत स्वीकृति प्राप्त किये जानें हेतु प्रस्ताव अग्रसारित करनें का कष्ट करें।

**भवदीय**

13/04/26

**अधिशासी अभियंता**
**प्रा0ख0,लो0नि0वि0**
**लैन्सडौंन गढ़वाल**

पत्रांक / दि0

प्रतिलिपिः– वन संरक्षक गढ़वाल वृत्त उत्तराखण्ड पौड़ी को सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि :– सहायक अभियंता प्रा0ख0,लो0नि0वि0 लैन्सडौन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि :– कनिष्ठ अभियंता प्रा0ख0,लो0नि0वि0 लैन्सडौन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**अधिशासी अभियंता**
**प्रा0ख0,लो0नि0वि0**
**लैन्सडौंन गढ़वाल**

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
प्रा0खण्ड,लो0नि0वि0,लैन्सडौन(गढ़वाल)।
E Mail ID- eepwdlansdowne@gmail.com. & eepwdlansdowne@rediffmail.com. Phone/Fax : (01386)262260

पत्रांक 1397 /21सी दि0 15/9/16

सेवा में,

प्रभागीय बनाधिकारी,
लैन्सडौन वन प्रभाग,
कोटद्वार।

जावक सं0 1337
पत्रावली 121
दिनांक 22/9/16

विषय :- **जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 1.206 हे0 वन भूमि का गैरवानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।**

सदर्भ :- उत्तराखण्ड शासन के पत्रांक 1160/X-4/15/1(603) 2015 दि0 7.11.2015 नोडल अधिकारी देहरादून की पत्र सं0 1649/FP/UK/ROAD/10084/2015 दि0 3.12.2015 एवं आपके कार्यालय की पत्र सं0 2508/12–1 दि0 8.1.2016

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक सदर्भित पत्रों का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, उत्तराखण्ड शासन के सदर्भित पत्र द्वारा विषयक प्रकरण में विभिन्न शर्तो के अधीन सैद्वान्तिक स्वीकृति प्रदान की गई है। नोडल अधिकारी देहरादून की संदर्भित पत्र द्वारा अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या प्रेषित करने एवं आपके कार्यालय की संदर्भित पत्र द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण NPV एवं रिक्त पड़े स्थानो पर वृक्षारोपण हेतु सूचित आंकलित धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा करने हेतु लिखा गया है। संदभित पत्र में उल्लिखित अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या निम्न प्रकार है :–

(1) शर्त सं0 (1) के अनुसार प्रत्यावर्तित बन भूनि के बदले दुगनी अवनत भूमि 1.206 × 2 = 2.412 हे0 जो ग्राम – कैन्डुल तल्ला, पट्टी – विचला ढॉगू, तहसील – लैन्सडौन जिला – पौड़ी गढ़वाल में NON ZA खतौनी सं0 07 खसरा नं0 450 रकवा 41.419 हे0 मध्ये 2.412 हे0 श्रेणी झाड़ी दर्ज अभिलेख हे0 का नामान्तरण वन विभाग के पक्ष में जिलाधिकारी गढ़वाल की पत्र संख्या – 3674/26– प्रशा0अधि0 (सा0प्रशा0)/2016 दि0 12.8.2016 द्वारा पारित किए गये है। नामान्तरण आदेश तहसील स्तर पर रक्षित वही R-6 एवं NON ZA खतौनी में वन विभाग के पक्ष में अमदरामद दर्ज अभिलेख किया जा चुका है। NON ZA खतौनी की नकल जो पट्टी पटवारी द्वारा दि0 3.9.2016 में निर्गत की गई है की 4–4 प्रतियॉ संलग्न की जा रही है। क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रख –रखाव हेतु सूवित धनराशि रु0 555489.00 वन विभाग के पक्ष में जमा की जा चुकी है। चयनित स्थल का उपयुक्तता प्रमाण पत्र आपके स्तर से हस्ताक्षरोपरान्त अग्रेसित किया जाना है। उपयुक्तता प्रमाण पत्र का फार्मेट 4–4 प्रतियों में संलग्न है।

(2) शर्त सं0 (2) के अनुपालन में रिक्त पड़े स्थानो पर यथोचित वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रखरखाव हेतु सूचित धनराशि रु0 921208.00 वन विभाग के पक्ष में जमा की जा चुकी है।

(3) शर्त सं0 (3) के अनुपालन में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा NPV (शुद्व वर्तमान मूल्य) धनराशि रु0 1019070.00 मात्र वन विभाग के पक्ष में जमा की जा चुकी है।

(4) शर्त सं0 (4) के अनुपालन में इस आशय की वचन वद्वता का प्रमाण पत्र कि यदि भविष्य में NPV की दरों में बढ़ोत्तरी होती है तो प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा बढ़ी हुई दरों पर NPV धनराशि बन विभाग के पक्ष में जमा कराएगा। 4–4 प्रतियों में संलग्न है।

(5) शर्त सं0 (5) के अनुपालन में क्षतिपूरक वृक्षारोपण रिक्त पड़े स्थानो पर वृक्षारोपण एवं NPV की धनराशि (भारत सरकार के उपक्रम) कार्पोरेशन बैंक, लोधी रोड नई दिल्ली में जमा की जा चुकी है संदर्भ सुलभ हेतु प्रेषित पत्र की छाया प्रति संलग्न है जिसमें विषयक प्रयोजन व धनराशि क्रमांक (8) पर अंकित है।

क्रमशः–2

(6) शर्त सं0 (6) के अनुपालन में क्षतिपूरक वृक्षारोपण, रिक्त पड़े स्थानो पर वृक्षारोपण व NPV की धनराशि क्रमशः रु0 555489.00 रु0 921208.00 एवं रु0 1019070.00 कुल धनराशि रु0 2495767.00 पत्र में वर्णित सम्बन्धित बैक कार्पोरेशन बैक (भारत सरका का उपक्रम) लोधी रोड शाखा नई दिल्ली में जमा की जा चुकी है। अभी सम्बन्धित बैक द्वारा जमा धनराशि का पुष्टि पत्र इस कार्यालय को उपलब्ध वही कराया गया है। UTR ON LINE UP LOAD करते हुए हार्ड काफी में प्रेषित है।

(7) शर्त सं0 (7) के अनुपालन में परियोजना के निर्माण करते समय जनपद कार्यबल की संस्तुतियों एवं भू-बैज्ञानिक द्वारा दिए गये सुझावो का कड़ाई से अनुपालन करने सम्बधी प्रमाण पत्र संलग्न है।

(8) शर्त सं0 (8) के अनुपालन में वनअधिकार अधिनियम से सम्बन्धित प्रमाण पत्र पूर्व ही हार्ड काफी में संलग्न है तथा ON LINE भी UP LOAD किए गये है। पुनः प्रमाण पत्रो की छाया प्रति हार्ड काफी में संलग्न की जा रही है।

(9) शर्त सं0 (12) के अनुपालन में अवगत करना है कि यदि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उत्सर्जित मलवे का निस्तारण वन भूमि पर किए जाएगा तो वन विभाग की मांग के अनुसार वांछित धनराशि वन विभाग के पक्ष में जमा कर दी जाएगी।

अतः भारत सरकार एवं नोडल अधिकारी देहरादून की संदर्भित पत्रों द्वारा अधिरोपित शर्तो की अनुपालन आख्या उपरोक्तानुसार प्रेषित की जा रही है। कृपया अपने स्तर से समस्त सूचना/आख्या संस्तुति सहित अग्रसारित करते हुए प्रकरण पर विधिवत स्वीकृति प्रदान करने हेतु अनुरोध करने की कृपा करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार।

~~डिजिटल व Geo Refd/10Lym.~~
Map सहित 4-4 प्रति

भवदीय

अधिशासी अभियंता
प्रा0ख0,लो0नि0वि0,
लैन्सडौन।


पत्रांक /21सी दि0

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर सचिव, वन एवं पर्यावरण अनुभाग– 4 उत्तराखण्ड शासन देहरादून।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षक, एवं नोडल अधिकारी वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी उत्तराखण्ड देहरादून।
3. प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष लोक निर्माण विभाग उत्तराखण्ड देहरादून।
4. अधीक्षण अभियंता 12 वॉ वृत्त,लो0नि0वि0 पौड़ी।
5. जिलाधिकारी गढ़वाल।
6. सहायक अभियंता प्रथम प्रा0ख0,लो0नि0वि0 लैन्सडौन को आवश्यक अनुश्रवण हेतु।
7. ग्राम प्रधान, ग्राम – बरस्वार पो0 – लैन्सडौन पट्टी – बदलपुर तल्ला, तहसील – लैन्सडौन।
8. खण्डीय अमीन।

अधिशासी अभियंता
प्रा0ख0,लो0नि0वि0,
लैन्सडौन।

## मानचित्र – जनपद पौड़ी गढवाल के अन्तर्गत पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल
## ( क्षेत्रफल –2.421 है0, कैन्डूल तल्ला सिविल )





सहायक अभियन्ता II, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 लैन्सडौन

अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 लैन्सडौन

वन क्षेत्राधिकारी

# जीयोरेफेरेन्स मैप – जनपद पौड़ी गढवाल के अन्तर्गत पालकोट – बरस्वार मोटर मार्ग के निर्माण हेतु चयनित क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल ( क्षेत्रफल –2.421 है0, कैन्डूल तल्ला सिविल )




| S.no. | Longitude | Latitude |
|---|---|---|
| 1 | 78° 37' 35.441" E | 30° 0' 47.684" N |
| 2 | 78° 37' 32.668" E | 30° 0' 40.068" N |
| 3 | 78° 37' 35.247" E | 30° 0' 39.114" N |
| 4 | 78° 37' 37.021" E | 30° 0' 41.606" N |
| 5 | 78° 37' 39.141" E | 30° 0' 47.660" N |

जिलाधिकारी

सहायक अभियन्ता II.
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
लैन्सडौन

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
लैन्सडौन

नवीन खतौनी

| क्रम सं० | खाता खतौनी क्रम | खातेदार/काबिज का नाम पिता नाम तथा निवास स्थान | मुस्तकाश्त या काबिज | खसरा नम्बर | क्षेत्रफल नाली मुट्ठी | नाम तौजी | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 | 8 9 — |
| | 07 | झाड़ी | | 450 | 41.419 | | तहसीलदार लैन्सडौन के R-63/16 दि० 27.08.16 व जिलाधिकारी गढ़वाल के पत्र आदेश संख्या 3674/26-स्था० आधि० सा० स्था०/2016 के जनपद पौड़ी गढ़वाल के पालकोट-बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी लैन्सडौन की आख्या एवं उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देशानुसार ग्राम कैण्डुल तल्ला पट्टी बिचला ढौर तहसील लैन्सडौन की नान जेड.ए. खतौनी खाता सं० 7 के खसरा नं० 450 रकबा 41.419 हे० मध्ये 2.412 हे० राज्य सिविल भूमि श्रेणी 9(2) झाड़ी दर्ज अभिलेख भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के नाम हस्तान्तरण एवं नामान्तरण किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। ह० (चन्द्रशेखर भट्ट) जिलाधिकारी गढ़वाल |


प्रतिहस्ताक्षरित
तहसीलदार
लैन्सडौन।

03/9/16
(नायब साहब)
उप जि० अधि०

नक्शा हेतु ग्राम बैकुण्ठ तहसील लिवाड़ी

पट्टी:- पालिकोट वरसवार ... हेतु ...

रकबा 32 ...




KANTA PRASAD
REVENUE SUB INS
PATTI BOD TEHSIL
GARHWAL

कार्य का नाम :— जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट—बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु 1.206हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लो0नि0वि0 को प्रत्यावर्तन।

## क्षतिपूरक वृक्षारोपण स्थल उपयुक्तता प्रमाण—पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त परियोजना के निर्माण हेतु राजस्व विभाग द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए ग्राम कैन्डुल तल्ला, पट्टी बिचला ढांगू, तहसील लैन्सडौन में 1.206हे0 का दुगना क्षे0 अर्थात कुल 2.412 हे0 सिविल राज्य भूमि चयनित की गई है। इस क्षेत्र का निरीक्षण वन विभाग एवं राजस्व विभाग द्वारा किया जा चुका है। चयनित वृक्षारोपण क्षेत्र क्षतिपूरक वृक्षारोपण के लिए उपयुक्त है।

वन क्षेत्राधिकारी
लैन्सडौन राजि
लैन्सडौन,

प्रभागीय वनाधिकारी
लैन्सडौन वन प्रभाग
कोटद्वार (गढ़वाल)

प्रभागीय वनाधिकारी।

प्रतिहस्ताक्षरित
उप प्रभागीय वनाधिकारी
लैन्सडौन उप वन प्रभाग

FROM : DM PAURI GAR. FAX NO. : [illegible] 12 Aug. 2016 11:40AM P1

**द्वारा E-Mail/Fax द्वारा**

# ।। कार्यालय जिलाधिकारी गढ़वाल ।।

E-Mail ID:dmgarhwal@gmail.com /PHONE- 01368-222250/Fax-222080

संख्या: 9676 / 26--प्रशा0अधि0(रा0प्रशा0) / 2016, दिनांक पौड़ी अगस्त 12 , 2016

## आदेश

उपजिलाधिकारी लैन्सडौन के पत्र दिनांक 09.08.2016 के द्वारा जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट–बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु ग्राम कैण्डुल तल्ला पट्टी बिचला ढांगू तहसील लैन्सडौन की नॉन जेड0ए0खतौनी खाता संख्या 07 के खसरा नं0 450 रकबा 41.419 है0 मध्ये 2.412 है0 राज्य सिविल भूमि श्रेणी 9(2)झाड़ी दर्ज अभिलेख भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु प्रस्तावित कर संस्तुति की गई है। प्रस्तावित भूमि पर कोई मन्दिर, मस्जिद, शमशानघाट, कब्रस्तान, गौचर, पनघट आदि सार्वजनिक उपयोग की नहीं है। प्रस्तावित भूमि का राजस्व विभाग, वन विभाग तथा लो0नि0वि0 के द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया है जो कि क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त पायी गयी है।

2. शासनादेश संख्या: 2173 / XVII (2) / 2012–18 (120)2010 दिनांक 17.12.2012 के द्वारा विभिन्न सरकारी योजना के लिए क्षतिपूर्ति वृक्षारोपण हेतु 20.000 है0 सिविल भूमि को वन विभाग के पक्ष में नियमानुसार हस्तान्तरित किये जाने का प्राधिकारी जिलाधिकारी को प्रतिनिधायित किया गया है।

अतः जनपद पौड़ी गढ़वाल में पालकोट–बरस्वार मोटर मार्ग निर्माण हेतु उपजिलाधिकारी लैन्सडौन की आख्या एवं उक्त शासनादेश में दिये गये निर्देशानुसार ग्राम कैण्डुल तल्ला पट्टी बिचला ढांगू तहसील लैन्सडौन की नॉन जेड0ए0खतौनी खाता संख्या 07 के खसरा नं0 450 रकबा 41.419 है0 मध्ये 2.412 है0 राज्य सिविल भूमि श्रेणी 9(2) झाड़ी दर्ज अभिलेख भूमि को क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु वन विभाग के नाम हस्तान्तरण एवं नामान्तर किये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उपजिलाधिकारी / तहसीलदार लैन्सडौन तदनुसार अभिलेखों में अमलदरामद की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(चन्द्रेशखर भट्ट)
जिलाधिकारी गढ़वाल।

प्रतिलिपि: निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1– सचिव, राजस्व विभाग उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।
2– आयुक्त, गढ़वाल मण्डल पौड़ी।
3– नोडल अधिकारी / प्रभागीय वनाधिकारी, गढ़वाल वन प्रभाग पौड़ी।
4– अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0 लैन्सडौन।
5– उपजिलाधिकारी / तहसीलदार लैन्सडौन।

(चन्द्रेशखर भट्ट)
जिलाधिकारी, गढ़वाल।

अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड लो0नि0वि0
लैन्सडौन

12-8-16